भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2423

जिसका उत्तर सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक) को दिया गया

तमिलनाडु में किसान क्रेडिट कार्ड

†2423. श्री थरानिवेंथन एम. एस.:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान जारी, नवीकृत और चालू किए गए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का तमिलनाडु सहित राज्यवार ब्यौरा दिया जाएगा और इस योजना के अंतर्गत शामिल छोटे और सीमांत किसानों, किराए पर खेती करने वाले किसानों, बटाईदारों, पशुपालकों और मछुआरों की संख्या कितनी है;

(ख) यदि हां, तो केसीसी योजना के अंतर्गत स्वीकृत और संवितरित ऋण का ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान कितनी ब्याज सब्सिडी दी गई;

(ग) क्या सरकार ने इस योजना का किसानों को संस्थागत ऋण मिलने और वित्तपोषण के अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भरता कम होने पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो इसके निष्कर्ष क्या हैं;

(घ) योजना के अंतर्गत समय-सीमा पार कर चुके खाते, अनर्जक परिसंपत्तियां (एनपीए) और ऋण के पुनर्गठन का तमिलनाडु के आरणी निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) तमिलनाडु में छोटे और सीमांत किसानों के विशेष संदर्भ में केसीसी कवरेज बढ़ाने, आवेदन की प्रक्रिया को सरल बनाने, डिजिटल अभिगम को सुदृढ़ करने और समय पर और किफायती संस्थागत ऋण सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान परिचालनरत किसान क्रेडिट कार्डों (केसीसी) की कुल संख्या और उन पर बकाया राशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा, तमिलनाडु राज्य सहित, अनुबंध-I में दिया गया है। इसके अलावा, पिछले पांच वर्षों के दौरान पशुपालन और मत्स्य पालन के लिए जारी किए गए केसीसी में परिचालनरत खातों और बकाया राशि का ब्यौरा क्रमशः अनुबंध-II और अनुबंध-III में दिया गया है।

पिछले 05 (पांच) वित्तीय वर्षों के दौरान संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) के तहत ब्याज सहायता (आईएस) और त्वरित पुनर्भुगतान प्रोत्साहन (पीआरआई) के लिए संवितरित निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(राशि, करोड़ रुपये में)

वर्ष	निधियों का संवितरण
2021-22	21476.93
2022-23	17997.88
2023-24	14251.92
2024-25	17811.72
2025-26	18366.80

स्रोत: डीएएफडब्ल्यू, भारत सरकार

(ग): कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, भारत के विविध कृषि क्षेत्रों में योजना के कार्यकरण का आकलन करने के लिए सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान (आईएसईसी), बेंगलुरू के माध्यम से केसीसी-एमआईएसएस का तृतीय पक्ष मूल्यांकन किया गया है। आईएसईसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष निम्नानुसार हैं:

i. केसीसी- एमआईएसएस के तहत निवेश किया गया प्रत्येक 1 रुपया कृषि और संबद्ध क्षेत्र में निवल मूल्यवर्धन में 2.30 रुपये का योगदान देता है।
ii. एमआईएसएस ने किसानों पर ब्याज के बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें आरंभ से लेकर 2024-25 तक 1.87 लाख करोड़ रुपये का अनुमानित सब्सिडी परिव्यय शामिल है।
iii. इस योजना ने फसल की पैदावार और बहु-मौसमी खेती पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिसमें केसीसी-एमआईएसएस किसान बड़े क्षेत्रों में खेती करते हैं, उच्च फसल पैदावार प्राप्त करते हैं, और विश्वसनीय सिंचाई और रियायती ऋण समर्थन द्वारा सभी मौसमों में अधिक विविध फसल पोर्टफोलियो को अपनाते हैं;
iv. इसने पर्याप्त कार्यशील पूंजी तक पहुंच के माध्यम से इनपुट उपयोग की समयबद्धता में सुधार किया है, और त्वरित पुनर्भुगतान प्रोत्साहन (पीआरआई) प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने बेहतर ऋण अनुशासन का प्रदर्शन किया है, जिससे आगे उधार देने के लिए बैंकों के विश्वास में वृद्धि हुई है;
v. इस योजना ने डेयरी और पशुधन के विस्तार का समर्थन किया है और फसल आय को बढ़ाकर, मौसमी कृषि पर निर्भरता को कम करके और फसल उत्पादन के साथ पशुधन और मत्स्य पालन को एकीकृत करके आय विविधीकरण को बढ़ावा दिया है। इसने अंतर्देशीय मत्स्य पालन के लिए कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं (डब्ल्यूसीआर) का भी समर्थन किया है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में विविधीकरण के लिए महत्वपूर्ण है।

(घ): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खातों के अंतर्गत गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध-IV में दिया गया है। तमिलनाडु के आरणी निर्वाचन क्षेत्र में, केसीसी योजना के तहत अतिदेय खातों, गैर-निष्पादित आस्तियों और ऋण पुनर्गठन का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि, करोड़ रुपये में)

विवरण	संख्या/राशि
अतिदेय खातों की संख्या	15913
अतिदेय राशि	212.03
गैर-निष्पादित आस्तियों की राशि	65.03
ऋण पुनर्गठन की राशि	शून्य

स्रोत: एसएलबीसी, तमिलनाडु

(ङ): सरकार ने तमिलनाडु में छोटे और सीमांत किसानों सहित समय पर और वहनीय संस्थागत ऋण सुनिश्चित करने, केसीसी कवरेज का विस्तार करने, आवेदन प्रक्रियाओं को सरल बनाने, डिजिटल पहुंच को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं -

i. बैंकों के लिए बुनियादी स्तर पर कृषि ऋण लक्ष्यों और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार लक्ष्यों का वार्षिक निर्धारण।
ii. केसीसी में संपार्श्विक मुक्त ऋण सीमा मौजूदा 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये किया गया है, जो 01.01.2025 से लागू है।
iii. कृषि ऋण वितरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए किसान ऋण पोर्टल, जन समर्थ पोर्टल, ई-केसीसी, कृषिका आदि जैसे कई प्रौद्योगिकीय उपाय भी शुरू किए गए हैं।
iv. किसानों के बीच केसीसी योजना के लाभों के बारे में जागरूकता लाने और इसके कवरेज का विस्तार करने के लिए, संघ/राज्य सरकारों, आरबीआई, नाबार्ड और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी), बैंक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) और केसीसी संतृप्ति अभियान आयोजित करते हैं।

*****

अनुबंध-I

"तमिलनाडु में किसान क्रेडिट कार्ड" के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2423 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

परिचालनरत किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की कुल संख्या और बकाया राशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा

वास्तविक खातों की संख्या, बकाया राशि,करोड़ रुपये में

क्र.सं.	राज्य	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26	
		खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	9,389	45	9,056	38	8,324	23	8,368	24	9,045	22
2	आंध्र प्रदेश	45,69,808	56,096	45,51,558	60,883	48,53,487	65,455	47,33,502	68,003	52,83,636	70,906
3	अरुणाचल प्रदेश	9,880	76	10,100	81	18,388	195	22,484	254	24,048	314
4	असम	6,58,281	3,896	6,46,919	3,895	6,70,832	4,616	5,53,146	4,931	4,36,216	3,541
5	बिहार	26,56,796	17,581	25,76,527	17,388	28,80,585	19,152	28,20,890	19,369	22,29,315	18,782
6	चंडीगढ़	1,393	107	1,475	99	1,582	126	1,010	113	748	84
7	छत्तीसगढ	17,82,290	10,352	19,17,435	10,757	21,45,836	10,582	19,08,855	15,088	20,90,655	10,943
8	डीएनएचडीडी	1,417	30	1,581	40	1,543	40	1,447	47	1,171	37
9	गोवा	8,347	110	9,458	111	11,649	148	11,903	178	9,473	119
10	गुजरात	28,78,852	56,960	30,18,544	62,391	31,37,242	71,132	32,24,658	77,441	35,35,680	81,322
11	हरियाणा	22,53,483	48,017	22,86,953	50,045	23,61,829	54,000	24,00,489	55,411	24,29,330	54,746
12	हिमाचल प्रदेश	4,23,843	7,242	4,60,441	7,636	5,02,861	9,072	5,10,282	9,572	5,31,152	10,756
13	जम्मू और कश्मीर	9,33,555	6,291	9,10,514	6,363	10,66,887	6,974	11,13,136	7,379	11,17,490	8,056
14	झारखंड	9,21,919	4,648	9,67,591	5,200	9,95,531	5,560	9,68,619	5,668	9,18,867	5,790
15	कर्नाटक	47,35,000	50,621	47,21,067	54,181	54,98,818	62,794	53,76,105	67,542	49,02,590	67,398
16	केरल	19,29,232	27,864	25,94,466	43,401	26,58,063	49,952	24,11,756	44,788	23,06,469	43,350
17	लद्दाख	1,89,654	4,226	28,072	258	28,228	268	28,134	272	28,005	277
18	लक्षद्वीप	24,685	376	1,770	15	2,555	22	3,110	28	3,577	38
19	मध्य प्रदेश	60,68,304	69,212	62,68,740	78,136	65,00,382	84,523	65,17,376	88,732	58,41,301	87,391
20	महाराष्ट्र	69,10,764	62,833	71,77,298	70,354	72,17,854	78,018	70,31,265	85,049	61,30,311	75,143
21	मणिपुर	17,806	111	19,693	165	19,699	159	18,309	161	17,346	128
22	मेघालय	66,190	320	71,677	360	77,422	467	85,889	557	96,625	722
23	मिजोरम	27,182	269	35,093	315	51,561	518	42,682	387	38,867	404
24	नागालैंड	26,259	153	30,070	179	32,072	192	36,510	234	41,009	286
25	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	3,188	56	2,861	45	2,761	43	2,614	42	2,110	37
26	ओडिशा	39,98,082	20,013	39,71,032	21,744	44,65,567	29,097	42,79,001	27,064	39,21,029	28,705
27	पुदुचेरी	17,797	238	13,413	276	20,366	392	19,361	463	11,468	303
28	पंजाब	21,67,026	55,665	21,98,101	55,428	22,34,658	57,830	21,67,523	57,536	22,20,629	57,727
29	राजस्थान	62,29,619	94,798	65,40,646	99,551	68,45,762	1,08,973	71,27,313	1,12,364	71,53,741	1,15,769
30	सिक्किम	6,555	46	8,702	56	10,115	62	10,995	71	10,039	83
31	तमिलनाडु	30,53,109	31,576	35,80,708	42,143	40,31,906	52,112	40,38,150	55,121	41,87,135	52,383
32	तेलंगाना	42,71,628	40,617	43,37,476	44,405	45,08,942	47,786	45,76,239	50,594	41,36,291	52,342
33	त्रिपुरा	2,46,320	513	1,55,042	507	1,64,916	522	1,71,181	518	1,41,889	486
34	उत्तर प्रदेश	1,05,32,039	1,23,076	1,07,05,196	1,28,123	1,09,17,055	1,38,621	1,09,56,279	1,41,375	98,60,137	1,39,986
35	उत्तराखंड	5,46,806	6,690	5,08,644	6,365	5,54,157	6,479	5,11,706	6,238	4,94,920	6,121
36	पश्चिम बंगाल	33,13,609	14,590	31,32,363	14,531	30,04,799	15,856	35,20,251	17,459	26,65,570	13,758
कुल		**7,14,90,107**	**8,15,314**	**7,34,70,282**	**8,85,464**	**7,75,04,234**	**9,81,761**	**7,72,10,538**	**10,20,072**	**7,28,27,884**	**10,08,256**

अनुबंध- II

"तमिलनाडु में किसान क्रेडिट कार्ड" के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2423 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पशुपालन के लिए जारी किए गए किसान क्रेडिट कार्ड के परिचालनरत खातों और बकाया राशि का ब्यौरा

वास्तविक खातों की संख्या, बकाया राशि,करोड़ रुपये में

क्र.सं.	राज्य	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26	
		खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	626	3	768	4	819	4	821	4	791	4
2	आंध्र प्रदेश	56,650	592	77,135	757	1,76,647	1,964	1,85,644	2,168	2,02,181	5,689
3	अरुणाचल प्रदेश	142	2	195	2	138	1	124	2	803	32
4	असम	1,991	18	4,054	33	12,374	126	10,600	150	5,551	73
5	बिहार	20,298	150	30,119	287	1,59,501	1,004	2,54,408	1,290	90,351	956
6	चंडीगढ़	121	5	185	3	363	11	271	16	258	7
7	छत्तीसगढ	4,650	63	6,958	68	15,505	175	19,002	201	18,674	184
8	डीएनएचडीडी	102	1	108	1	118	1	113	1	600	25
9	गोवा	2,154	29	2,416	25	1,393	13	2,658	36	2,402	32
10	गुजरात	1,70,662	1,682	2,64,044	2,717	85,725	831	5,03,678	6,528	8,24,901	7,715
11	हरियाणा	73,103	986	1,02,775	1,428	3,80,932	5,805	2,24,992	3,239	2,23,366	3,669
12	हिमाचल प्रदेश	30,020	238	40,894	334	1,67,213	2,272	74,370	682	1,03,957	941
13	जम्मू और कश्मीर	1,27,466	664	1,43,138	769	79,974	640	2,36,135	1,582	2,78,089	2,062
14	झारखंड	6,612	32	6,051	32	1,60,487	917	12,472	63	6,423	55
15	कर्नाटक	1,53,367	556	1,55,641	551	1,19,909	534	2,14,283	1,766	2,73,935	3,130
16	केरल	73,946	672	76,524	727	1,37,648	1,290	80,019	995	1,10,467	1,160
17	लद्दाख	6,971	69	6,903	68	44,651	615	8,204	86	8,577	92
18	लक्षद्वीप	169	1	460	4	7,519	76	853	7	2,638	29
19	मध्य प्रदेश	46,503	325	94,075	677	73,082	569	2,08,676	2,230	2,07,010	1,988
20	महाराष्ट्र	25,320	269	33,881	343	1,39,852	2,198	89,062	1,325	50,813	759
21	मणिपुर	1,793	16	2,468	20	88,371	1,139	2,542	20	2,284	20
22	मेघालय	208	2	458	3	1,417	13	1,621	10	813	8
23	मिजोरम	16,894	226	18,675	265	28,793	369	24,157	267	26,693	281
24	नागालैंड	111	2	871	3	2,247	22	445	1	309	2
25	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	62	2	64	1	665	2	193	2	205	3
26	ओडिशा	6,534	34	6,270	33	20,251	139	22,165	164	11,324	301
27	पुदुचेरी	3,256	27	2,879	24	4,927	55	5,340	66	3,059	55
28	पंजाब	1,48,782	2,088	2,40,894	3,456	3,53,764	5,054	3,79,369	5,256	3,60,449	5,298
29	राजस्थान	1,68,076	1,821	2,39,902	2,717	5,43,459	6,459	6,65,704	7,778	7,20,123	8,926
30	सिक्किम	498	4	1,033	8	2,320	14	3,058	21	3,304	28
31	तमिलनाडु	2,16,600	3,299	3,79,403	4,992	6,06,404	7,953	6,88,212	8,239	8,30,159	8,110
32	तेलंगाना	9,179	134	8,045	100	11,981	229	14,667	281	10,778	287
33	त्रिपुरा	8,040	33	40,035	102	4,256	30	4,641	29	2,934	25
34	उत्तर प्रदेश	17,881	138	31,920	236	2,63,814	2,695	6,44,710	6,243	6,53,489	8,179
35	उत्तराखंड	1,00,460	975	1,90,871	1,966	2,64,657	2,600	51,332	397	46,195	426
36	पश्चिम बंगाल	9,203	60	15,763	118	46,023	346	87,506	491	41,648	446
कुल		**15,08,450**	**15,216**	**22,25,875**	**22,873**	**40,07,199**	**46,166**	**47,22,047**	**51,637**	**51,25,553**	**60,997**

अनुबंध- III

"तमिलनाडु में किसान क्रेडिट कार्ड" के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2423 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

मत्स्यपालन के लिए जारी किए गए किसान क्रेडिट कार्ड के परिचालनरत खातों और बकाया राशि का ब्यौरा

वास्तविक खातों की संख्या, बकाया राशि,करोड़ रुपये में

क्र.सं.	राज्य	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26	
		खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	472	2	490	2	654	2	657	2	509	1
2	आंध्र प्रदेश	7,394	934	8,010	1,327	14,716	2,440	16,843	2,993	16,431	3,349
3	अरुणाचल प्रदेश	46	0	68	1	68	1	68	1	92	3
4	असम	1,299	10	2,280	16	2,061	18	1,806	16	1,585	16
5	बिहार	604	8	570	7	812	11	853	11	1,385	16
6	चंडीगढ़	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0
7	छत्तीसगढ	898	9	1,143	10	1,318	14	1,497	15	1,746	12
8	डीएनएचडीडी	535	13	586	21	545	23	560	26	488	23
9	गोवा	453	11	529	8	156	1	553	12	508	15
10	गुजरात	5,098	120	6,882	176	1,155	14	10,000	314	10,213	315
11	हरियाणा	361	5	472	6	7,838	247	603	10	516	9
12	हिमाचल प्रदेश	524	5	625	6	1,248	18	1,558	17	1,631	19
13	जम्मू और कश्मीर	654	8	679	7	926	10	1,374	8	2,511	13
14	झारखंड	1,835	9	1,827	10	995	8	1,171	8	917	6
15	कर्नाटक	2,483	29	6,533	55	2,973	14	5,766	73	7,891	102
16	केरल	4,802	78	8,639	132	4,837	77	10,819	217	18,777	312
17	लद्दाख	884	16	11	0	7,935	162	21	0	22	0
18	लक्षद्वीप	2	0	242	3	14	0	1,199	13	1,606	18
19	मध्य प्रदेश	5,482	14	18,269	29	4,886	17	6,600	21	5,311	18
20	महाराष्ट्र	5,585	39	6,670	51	3,485	15	6,894	73	6,954	72
21	मणिपुर	211	3	308	3	5,750	52	433	4	349	3
22	मेघालय	121	0	199	1	324	2	206	1	168	1
23	मिजोरम	50	1	95	1	638	6	369	5	459	4
24	नागालैंड	6	0	74	1	70	1	31	0	32	0
25	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	0	0	0	-	44	0	94	0	4	0
26	ओडिशा	1,084	17	975	72	1,661	99	2,307	97	2,355	125
27	पुदुचेरी	251	1	1,106	16	2,567	41	3,035	56	1,707	43
28	पंजाब	731	11	918	14	885	15	710	13	507	9
29	राजस्थान	843	7	999	10	1,288	14	1,068	12	857	11
30	सिक्किम	40	1	44	1	100	1	198	2	351	4
31	तमिलनाडु	4,481	59	12,036	179	32,901	599	42,031	749	34,962	591
32	तेलंगाना	3,664	16	3,973	26	2,263	16	1,473	11	1,849	24
33	त्रिपुरा	1,902	13	10,345	29	3,364	15	3,152	16	2,955	17
34	उत्तर प्रदेश	286	4	381	4	2,145	23	5,771	72	6,650	91
35	उत्तराखंड	4,012	43	5,481	57	3,748	46	558	8	628	7
36	पश्चिम बंगाल	3,001	42	5,041	65	5,155	73	4,708	80	4,850	106
कुल		**60,095**	**1,531**	**1,06,500**	**2,344**	**1,19,525**	**4,096**	**1,34,986**	**4,957**	**1,37,776**	**5,355**

अनुबंध- IV

"तमिलनाडु में किसान क्रेडिट कार्ड" के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2423 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पिछले पांच वर्षों के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) के अंतर्गत गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) का राज्य-वार ब्यौरा

वास्तविक खातों की संख्या, बकाया राशि, करोड़ रुपये में

क्र.सं.	राज्य	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26	
		खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	68	1	47	0.28	54	0.29	89	0.40	89	0.39
2	आंध्र प्रदेश	1,84,373	2684	1,91,135	2,852	1,90,402	2,926	1,67,123	2,725	1,40,908	2,282
3	अरुणाचल प्रदेश	6,197	36	5,519	33	5,354	33	5,311	34	5,086	35
4	असम	4,05,005	1772	4,04,477	1,974	3,61,126	1,986	3,57,601	2,097	3,44,288	2,008
5	बिहार	9,29,841	6412	8,49,035	6,064	8,25,228	6,085	7,96,586	5,850	6,95,270	5,167
6	चंडीगढ़	358	97	434	92	504	107	330	73	625	123
7	छत्तीसगढ	35,611	407	36,754	512	31,261	564	32,871	670	30,735	730
8	डीएनएचडीडी	168	1	136	2	153	3	161	3	187	4
9	गोवा	518	7	525	13	609	16	597	9	507	6
10	गुजरात	1,15,145	2410	1,14,852	2,531	1,11,930	2,560	1,31,767	3,214	1,36,338	3,486
11	हरियाणा	80,804	3065	85,209	3,248	85,627	3,127	87,942	3,188	80,766	2,729
12	हिमाचल प्रदेश	15,939	370	14,141	346	12,806	329	11,926	304	11,611	294
13	जम्मू और कश्मीर	10,853	160	12,708	180	11,967	187	11,877	184	11,859	180
14	झारखंड	3,39,617	1489	2,96,790	1,319	3,03,677	1,395	3,34,404	1,531	3,12,739	1,482
15	कर्नाटक	3,02,230	4933	3,12,354	5,437	2,90,523	5,427	2,77,586	5,298	2,07,789	4,197
16	केरल	39,867	1029	45,545	1,418	46,169	1,280	47,872	1,244	39,257	1,064
17	लद्दाख	5,613	354	123	1	67	1	52	1	47	1
18	लक्षद्वीप	1,696	29	9	0.04	25	0.16	49	0.43	81	1
19	मध्य प्रदेश	4,57,844	8626	4,75,724	9,286	4,81,769	10,342	4,94,987	11,878	4,71,568	12,130
20	महाराष्ट्र	6,42,138	9592	6,76,004	10,285	8,01,886	11,189	9,53,183	12,690	12,09,145	15,155
21	मणिपुर	11,177	72	10,864	71	11,840	78	11,879	84	10,862	73
22	मेघालय	31,321	166	29,528	159	26,130	145	24,182	137	21,493	124
23	मिजोरम	7,924	45	6,487	40	6,855	41	7,244	43	5,827	39
24	नागालैंड	5,681	32	5,135	29	3,316	19	2,765	15	2,327	12
25	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	439	11	435	10	417	11	415	8	340	8
26	ओडिशा	3,18,267	1492	3,22,488	1,591	3,14,453	1,711	3,03,553	1,786	2,70,565	1,620
27	पुदुचेरी	2,407	34	1,964	30	1,922	27	1,799	22	1,543	19
28	पंजाब	1,27,128	7068	1,41,339	7,439	1,27,897	7,011	1,24,649	6,745	1,13,318	5,972
29	राजस्थान	3,80,440	7503	3,86,466	8,558	3,74,331	8,994	3,70,272	9,703	3,58,247	9,737
30	सिक्किम	1,971	8	1,706	8	1,416	9	1,315	9	924	8
31	तमिलनाडु	2,81,017	3194	2,59,717	3,011	2,41,368	2,770	2,03,732	2,375	1,46,212	1,765
32	तेलंगाना	4,11,722	3117	4,46,970	3,656	4,18,103	3,406	3,36,768	2,979	2,87,770	2,705
33	त्रिपुरा	41,804	179	39,267	184	34,845	194	34,895	205	33,601	200
34	उत्तर प्रदेश	11,30,993	15540	11,71,542	17,352	12,10,981	18,178	12,73,379	19,314	12,33,306	19,158
35	उत्तराखंड	41,939	945	31,203	795	41,694	991	29,159	745	27,619	704
36	पश्चिम बंगाल	2,93,963	1756	3,35,309	2,303	2,94,051	2,228	2,72,776	2,251	2,50,713	2,052
कुल		**66,62,078**	**84,637**	**67,11,941**	**90,832**	**66,70,756**	**93,370**	**67,11,096**	**97,418**	**64,63,562**	**95,269**